# नहर बनी नहीं और थमा दिए क्षतिग्रस्त करने के नोटिस

## डुंगरिया जलाशय से 37 साल से नहीं मिला पानी, कभी नहीं बनी नहर

**छपारा, देशबन्धु।** संसाधन विभाग के भारी भ्रष्टाचार का कारनामा इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा हैं। दरअसल सिवनी जिले के लखनादौन तहसील अंतर्गत गणेशगंज सहजपुरी में बनाए गए डूंगरिया जलाशय में पक्की नहर निर्माण कार्य किया ही नहीं और उसे क्षतिग्रस्त करने के मामले में किसानों को नोटिस जारी किए गए जबकि 1987-1988 से अब तक डूंगरिया जलाशय से पक्की नहर का निर्माण कार्य 1 इंच भी नहीं हुआ हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार सन् 1987-1988 में सिवनी जिले के लखनादौन तहसील अंतर्गत गणेशगंज सहजपुरी में करोड़ों रुपए की लागत से डूंगरिया जलाशय का निर्माण जल संसाधन विभाग के द्वारा किया गया था। तब से लेकर अब तक 37 सालों में किसानों को एक बूंद पानी नहर के माध्यम से नसीब नहीं हो पाया हैं।

**एसडीओ और सब इंजीनियर की मिली भगत से चल रहा खेल** - डूंगरिया जलाशय की नहर मेंटेनेंस के नाम पर हर साल लाखों रुपए का गोलमाल जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से चल रहा हैं। इस बात का खुलासा हमारी मीडिया टीम के द्वारा डूंगरिया जलाशय से निकलने वाली नहर के मौका-मुआयना और जमीनी हकीकत देखने में सामने आई हैं।

बता दे कि डूंगरिया जलाशय से आज तक किसानों के खेतों में पहुंचने वाली नहर का पक्का निर्माण हुआ ही नहीं हैं। इसके विपरीत कुछ दिनों पूर्व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने कई किसानों को पक्की नहर क्षतिग्रस्त करने और उसे मरम्मत करने के लिए नोटिस थमा दिए हैं। अब सवाल यह है कि जब नहर पक्की थी तो जमीनी हकीकत में 1 इंच दिखाई क्यों नहीं दे रही हैं और 37 सालों बाद भी किसानों के खेतों में उक्त नहर से एक बूंद पानी क्यों नहीं पहुंच पाया हैं?




### बनी थी तो कहां गायब हो गई नहर, मरम्मत के नाम पर हर साल लाखों का गोलमाल

इस पूरे अनोखे भ्रष्टाचार के मामले में जल संसाधन विभाग में पदस्थ एसडीओ ऋषभ साहू और सब इंजीनियर शंकरलाल त्रिपाठी की मिली भगत सामने आ रही हैं। क्योंकि भ्रष्टाचार के इस अनोखे मामले में एसडीओ और सब इंजीनियर किसी भी प्रकार की जानकारी देने से बचते नजर आ रहे हैं। वही नहर से संबंधित भ्रष्टाचार का ठीकरा सिवनी कार्यालय में पदस्थ कार्यपालन यंत्री वीपी चौधरी के सिर पर फोड़ रहे हैं जो जांच विषय है।

# एनएचआई की लापरवाही से बढ़ रहे हैं सड़क हादसे

**लखनादौन, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग 34 जबलपुर नागपुर रोड में आये दिन सड़क दुर्घटनायें हो रही है । गत 09 जून को अलग-अलग जगह पर हुई सड़क दुर्घटना के चलते दो व्यक्तियों की मौत हो गई। वहीं 10 जून को भी दो दुर्घटनायें हुई जिनमें 1 की मौत और 7 लोग घायल हुए।

इन दुर्घटनाओं का मासिक आंकलन करें तो एक माह में तकरीबन 25 से 30 सड़क दुर्घटना का ग्राफ इस सड़क मार्ग का हो गया है । जिनमें 15 से 20 लोगों की मौत बीते 15 दिनों में इस तरह सड़क दुर्घटना से हो चुकी है। सवाल यह उठता है कि इस तरह की घटना का सड़क में चल रहे तीव्र यातायात इसका प्रमुख कारण है या फिर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का निष्क्रीय अमला।

सड़क दुर्घटनाओं की कुछ वजह यह है कि एन.एच.आई द्वारा जहां जहां भी रोड मेंटनेंस का कार्य किया जाता है वहां खाना पूर्ति के लिये संकेतक लगाये जाते हैं वह भी निर्माण कार्य के समीप जिसके कारण तेज गति से आने वाले वाहन अचानक सामने आये संकेतकों को देख नियंत्रण खो देते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग के लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों का एक नमूना यह भी है कि जहां जहां भी ढाबे और दुकानें खुली हुई हैं उनमें से अधिकांश ढाबे और दुकानों के वोर्ड उनके कार्यक्षेत्र की सीमा मुख्य सड़क मार्ग से सटी हुई हैं हॉल यह है कि सड़क की चौड़ाई जहां 20 से 25 मीटर होनी चाहिये वहां यह इन ढाबों और दुकानों के अतिक्रमण के सामने महज 10 से 15 मीटर ही शेष रह जाती है ।

ग्राम सनाई डोंगरी से लखनादौन के बीच सेढ नदी के पुल पर लगी लाइट भी लम्बे अंतराल से बंद पडी हुई है जिसके कारण पुल में घनघोर अंधेरा व्याप्त रहता है किन्तु एन.एच.आई. का लापरवाह अमला रोजाना इस मार्ग से गुजरता है पर इस प्रकार के अतिक्रमण के प्रति अपनी कोई प्रतिक्रिया नही दर्शाता।

इसका परिणाम यह है कि एनएच में अतिक्रमण अपनी सुविधानुसार बढता जा रहा है। इन लापरवाहीयों के कारण सडक मार्ग में दुर्घटनाओं की संख्या रोजाना बढती जा रही है।

## सार-समाचार

### वट पूर्णिमा पर पंचमुखी हनुमान मंदिर में महाभिषेक

**रामाकोना, देशबन्धु।** सौसर विधानसभा क्षेत्र जनपद पंचायत सौसर के अंतर्गत ग्राम पंचायत रंगारी ठोका ग्राम में प्रसिद्ध पंचमुखी हनुमान मंदिर विराजमान है। पंचमुखी हनुमान मंदिर सेवा संस्थान के अध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्त्ता आनंद ठाकरे ने बताया की, यहां विधिवत 2007 से निरंतर पूर्णीमा को अभिषेक होता है। उसी क्रम में आज वट पूर्णिमा पर महाअभिषेक ,पूजन,आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। यहां हनुमान के भक्त निरंतर रोज पंचमुखी हनुमान का दर्शन करने आते है। यह एक मनोकामना सिध्द पीठ है। इस अवसर पर पंचमुखी हनुमान मंदिर के अध्यक्ष आनंद ठाकरे, पूर्व सरपंच प्रतिभा ठाकरे, सुनीता ठाकरे, प्रमोद राऊत, दीपक महाले, गणेश ठाकरे, प्रमोद साबले, दुर्गादास ठाकरे एवं वृषभ रामटेके एवं प्रमोद साबले आदि उपस्थित थे।



### भीषण गर्मी और उमस से जल स्तर हो रहा कम

**लखनादौन, देशबन्धु।** जून माह के प्रारंभ से ही गर्मी ने अपना रोद्र रूप अपना रखा है। लखनादौन क्षेत्र के अधिकांश जगहों के जल स्त्रोतों का जल स्तर बहुत घट गया है जिससे नगर में पानी की समस्यायें व्याप्त हो रही हैं। नगर में जलापूर्ति करने वाला चीलाचोंद डेम भी इस भीषण गर्मी के कारण मानक पूर्ति के आंकडे से खिसक कर नीचले स्तर पर पहुंच गया है। जिसके कारण नगर में जलापूर्ति की समस्या उत्पन्न हो रही है। वहीं लोगों के निजी नलकूप और कुंऐ का भी जल स्तर दिन प्रतिदिन घटता जा रहा है। अगर इस तरह की तपन और गर्मी 15 दिन और बनी रही तो नगर में जल समस्या विकराल रूप ले लेगी। बहरहॉल नगर परिषद द्वारा नगर की जलापूर्ति को नियमित बनाये रखने के लिये प्रयास जारी है। नगर पंचायत की टीम समय समय पर जल स्त्रोंतों का मूल्यांकन कर रही है साथ ही घटते जल स्तर पर जल सप्लाई के प्रबंधन में भी बदलाव करने एवं लोगों तक आवश्यकता अनुसार जल पहुंचाने के प्रयास नगर परिषद द्वारा किये जा रहे हैं।

### जर्जर हालत में एक सौ दस साल पुराना विश्राम भवन

**नैनपुर, देशबन्धु।** लोक निर्माण विभाग का विश्राम भवन अपनी जगह हालत को प्रदर्शन कर रहा है, बार-बार विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया है । विभाग के अधिकारी प्राक्कलन तैयार कर उच्च अधिकारियों को कार्य के निर्माण के लिए भेजा गया है परंतु निर्माण कार्य की ओर ध्यान नहीं दिया गया । विश्रम ग्रह का एक नंबर ब्लॉक के अलावा सीलिंग टूट फूट गई है विगत दिनों विधायक कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपत्तियां को हालात से अवगत कराया गया, मंत्री राकेश सिंह से गंभीरता के साथ चर्चा की विभाग की ओर से कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# वित्तर विधेयक के विरोध में पेंशनरों की बैठक 15 को

**सिवनी, देशबन्धु।** भारत सरकार द्वारा पारित वित्त विधेयक 2025 को वापस लेने हेतु प्रारंभ हुए देश व्यापी आंदोलन के तहत जिला पेंशनर्स एसोसिएशन सिवनी के तत्वाधान में एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार 15 जून को बालाजी सेलिब्रेशन लॉन बारापत्थर सिवनी में प्रातरू 11 बजे आयोजित की गई है। इस बैठक में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मप्र के प्रांताध्यक्ष एडण् राजकुमार दुबे एवं प्रभारी संभागीय अध्यक्ष जबलपुर संभाग बीण्के राय मंडला भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

यह जानकारी वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष डी बी नायर ने देते हुए बताया कि वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष एवं आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर फेडरेशन गाजियाबाद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडण् राजकुमार दुबे के निर्देशन में विगत 22 अप्रैल 2025 को भारत सरकार को जिला कलेक्टर सिवनी के माध्यम से एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था। भारत सरकार द्वारा पारित वित्त विधेयक 01 जनवरी 2025 से प्रभावशील है।

इस नाजुक अवसर पर पेंशनर्स को आलस्य त्याग कर संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय होना समय की मांग है। इसी सिलसिले में आंदोलन की अगली रणनीती तय करने एवं विचार विमर्श करने हेतु 15 जून को प्रातरू 11 बजे महत्वैपूर्ण बैठक आयोजित की गई है।

जिला पेंशनर एसोसिएशन सिवनी के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सिसोदिया, वरिष्ट नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष डीबी नायर, जिला कार्यकारी अध्यक्ष भागचंद सनोडिया, जिला सचिव आई एल सनोडिया, जिला कोषाध्यक्ष जीपी भार्गव, जिला उपाध्यक्ष सीताराम सनोडिया एवं वरिष्ट नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव रामदयाल डेहरिया ने जिला मुख्यालय के समस्त पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों, जिले के समस्त ब्लॉक व तहसील उप शाखाओं के अध्यक्षों एवं वरिष्ट पदाधिकारियों से बौद्ध बिहार के आगे बालाजी सेलिब्रेशन लॉन बारापत्थर सिवनी में दिनांक 15 जून 2025 रविवार को सुबह 11 बजे आयोजित बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है। जबलपुर संभाग के संबंधित समस्त जिला शाखा अध्यक्षों से आग्रह है कि वे के एस ठाकुरएप्रांतीय महासचिव भोपाल मप्र द्वारा दिनांक 07 जून 25 को प्रेषित पत्र के निर्देशों का पालन करते हुए सिवनी में आयोजित बैठक में उपस्थित हो।

# किसानों के साथ कांग्रेस का प्रदर्शन

**सौसर, देशबन्धु।** नगर कें तहसील कार्यालय सौसर में गुरुवार को किसानों की निम्न मांगों को लेकर कांग्रेस नेता सोपान कोहले द्वारा किसानों के साथ सांकेतिक धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया।

सौसर विधानसभा में सेवा सहकारी समितियों द्वारा जिन किसानों का केसीसी खाता रनिंग है उन्हीं किसानों को खाद दिया जा रहा है । हमारी मांग है समस्त किसानों को जिनके खाते ओवर डिव है उनको भी और जिनके खाते नहीं है उनको भी पर्याप्त रूप से नगद खाद उपलब्ध कराई जाए।



इस वर्ष रबी की फसल मूंग तथा मूंगफली का रकबा बढ़ा है किसानों के हित में तत्काल शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर सौसर कृषि उपज मंडी में शासकीय खरीदीं प्रारंभ की जाएं।

उक्त मांगों को लेकर सौसर विधानसभा के किसान भाइयों के साथ कांग्रेस नेता सोपान कोहले तहसील कार्यालय में धरने पर बैठे तत्पश्चात सौसर एस डीएम को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। एसडीएम द्वारा उक्त मांगों को लेकर मंडी इंस्पेक्टर तथा सेवा सहकारी समिति प्रबंधक महोदय से दुरभाष पर बात की तथा उक्त मांगो को सरकार को अवगत कराने का आश्वासन दिया तत्पश्चात धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। किसानों द्वारा एक सुर में कहा मांगे पुरी नहीं हुई तो हमें उग्र आंदोलन करने बाध्य होना पड़ेगा।

धरना प्रदर्शन मे किसान नेता विक्की कालबाडे, सामाजिक नेता विजय घाटौड, निवृत्ति कोहले, मेघराज उइके, युवराज पराड़कर, प्रेमराज गजभिए, मानिक धुर्वे, रामजी बनके, महेश पगारे, राजेन्द्र इगोले, संजय धुर्वे, आभिनय चौरे, कोमल भालेराव, रत्नाकर ठाकरे, मयुर फोले, सुरेश धुरबाडे, रामदास इगोले, योगेश बनाईत संदीप धान्डे, संजय पावनकर, मोतीलाल धुर्वे, ज्ञानलाल कुमरे, आदित्य फोले, भूषण चौरे, सुखलाल भलावी, सुरेश पराड़कर संतोष सरयाम, भाऊराव धुर्वे, अशोक कोघे, शरद इगोले विनायक किनकर, इदल कोरडे, विक्की मानकर, सुनील सिलु मनीष सोमकुवर, देवराव सेवतकर, राजु सोमकुंवर एवं साथी उपस्थित थे।

# घर-खेत खाली करने के नोटिस का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**बिछुआ, देशबन्धु।** नगर में ब्लाक कांग्रेस के तत्वावधान में ग्राम गुमतरा, पाथरी सहित अन्य ग्रामों वन विभाग के नोटिस के खिलाफ सहित अन्य मार्गों को लेकर बस आम सभा का आयोजन किया गया। सभा सम्बोधित करते हुए विधायक सुजीत सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है। किसानों को खाद लेने के लिए सुबह से शाम तक लाइन लगना पड़ रहा है। तब जाकर दो बोरी खाद मिल रही है। वहीं आम लोगों बिजली बिल बढ़ोतरी होकर आ रहे हैं। जिससे किसान चिंतत है। अभी वन विभाग ने ग्राम पाथरी, गुमतरा, सहित अन्य ग्राम किसानों खेतों को खाली कराने के लिए नोटिस दिये गए हैं। ब्लाक कांग्रेस ने विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल महोदय के नाम तहसीलदार अमित रिनाहते कोज्ञापन सौंपा है।

### पाथरी, गुमतरा सहित कई गांवों को वन विभाग ने नोटिस जारी किए हैं, कांग्रेस ने कहा नहीं चलेगी तानाशाही

जो शासन आदिवासी समुदाय अत्याचार प्रताड़ित कर रही है। जिसका कांग्रेस पार्टी विरोध करती है। हम आदिवासियों के साथ इस मुद्दे साथ है।और वन विभाग के अधिकारियों को आदिवासियों के साथ अत्याचार नहीं होने दिगें। जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पटेल ने सभा को सम्बोधित करते हुए किसानों घर और जमीन खाली करने वाले नोटिस के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों के साथ उनकी रोजी रोटी और आशियाना छीनने लगी है। तभी तो वन विभाग आदिवासियों को नोटिस जारी कर उनका घर और खेत खाली करवाने काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के साथ ऐसा अत्याचार होने नहीं देगीं।

कार्यकर्ता और किसान भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील आफिस पहुंच कर क्षेत्र विभिन्न मांगों को लेकर महामहिम राज्यपाल महोदय नामे एसडीएम, वन विभाग एसडीओको ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देते हुए विधायक चौधरी ने बताया कि विकास खण्ड बिछुआ के कई ग्रामों में आदिवासी समाज के लोग बरसों से रह रहे हैं। किसानों को मकान व खेत खाली करने का नोटिस वन विभाग ने दिया है। इस पर तत्काल रोक लगाई जाये, क्योंकि बिछुआ वि.ख. पांचवी छटवी अनुसूची के अन्तर्गत आता है जिसमे आदिवासीयो को बेकब्जा करने का बन विभाग को कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। फिर भी वन विभाग द्वारा हिटलरशाही की जा रही है।

# 278 दिव्यांगों को वितरित किए गए सहायक यंत्र

**लखनादौन, देशबन्धु।** भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत जिला कलेक्टर संस्कृति जैन एवं एसडीएम लखनादौन रवि सिहाग के निर्देशन में 12 जून, 2025 को स्थानीय निकायों में आयोजित चिन्हांकन शिविर में चिन्हित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन जनपद पंचायत लखनादौन प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सिवनी अध्यक्ष मालती डेहरिया, जनपद अध्यक्ष पार्वती उईके, नगर पंचायत अध्यक्ष मीना गोल्हानी, जनपद उपाघ्यक्ष दीपक निगम, अनिल गोल्हानी, आशीष गोल्हानी, जनपद सदस्य रेवाराम उईके, शनिलाल, दम्मू कुमरे एवं अन्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण, दीप प्रज्जलन कर शिविर का शुभांरभ किया गया।

पूजन के उपरांत विभागीय अधिकारियों एपीओ महेन्द्र लाडिया, दुर्गा राय, गौरीशंकर बर्मन, आशीष श्रीवास्तव, नीरज ठाकुर आदि द्वारा सभी अतिथियों का अतिथि सत्कार किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी सीईओ एसडीएम लखनादौन रवि सिहाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।



जनपद पंचायत दीपक निगम ने कार्यक्रम को संबोधित कर योजना से लाभांवित होकर सहायक उपकरण प्राप्त कर रहे सभी व्यक्तियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरणों के सहारे दिव्यांगजनों की दैनिक दिनचर्चा सुगम हो सकेगी। अन्य व्यक्ति पर आश्रित होने के भाव को कम किया जा सकेगा।

वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष गोल्हानी ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद-दिव्यांग की मदद के लिए कार्य कर रही है। जरूरतमंदों की मदद के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है । सरकार का प्रयास है कि दिव्यांग व्यक्ति को हर जरूरी सुविधा दी जाए, ताकि उनका जीवन यापन सही ढंग से हो सके। इसी के तहत सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक भवनों में दिव्यांगों को जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है।

भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण एलिम्कों जबलपुर के सहयोग से लखनादौन व छपारा जनपद पंचायतों के 278 चिन्हित किए दिव्यांगजनों को जनप्रनिधियों द्वारा सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग नि:शुल्क वितरित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कर्मचारी संघ अध्यक्ष रमेश यादव व चंदेल ने किया।

# जनजाति खिलाड़ियों का चयन 25 को

**सिवनी, देशबन्धु।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी ने बताया शासन के निर्देशानुसार खेल परिसर कुरई जिला-सिवनी में सत्र 2025-26 के लिये अनुमानित 20 रिक्त सीटों के लिये अनुसूचित जनजाति खिलाड़ी छात्रों का चयन किया जाना है। जिसमें कक्षा छटवीं से कक्षा नवमीं तक के विद्यार्थी खिलाडियों का चयन किया जाएगा।

चयन प्रकिया बैटरी टेस्ट के माध्यम से की जाएगी। कक्षा नवमीं के बाद के खिलाड़ी का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल परिणाम के आधार पर किया जाएगा।

मिनी समूह में 11 से 14 वर्ष के खिलाड़ियों को, जूनियर समूह में 14 से 16 वर्ष खिलाड़ियों को एवं 16 से 18 वर्ष के खिलाड़ियों को सीनियर समूह में रख कर चयन किया जाएगा।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 13 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाड़ कृष्ण पक्ष की द्वितीया नक्षत्र- पू.षा.।**

मेष - आप का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप अस्वस्थता एवं चिंता का अनुभव करेंगे। शरीर में थकान और आलस्य एवं मन में अशांति रहेगी। आप आज थोड़े क्रोधित रहेंगे, जिससे काम बिगड़ सकते हैं।

वृषभ - आज का दिन सावधानीपूर्वक गुजारें। आज किसी भी प्रकार से कोई नया काम शुरू ना करें। आज आप का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। खान-पान में विशेष ध्यान रखना आपके लिए जरूरी है।

मिथुन - आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास या पर्यटनस्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे। ( 160-790 )

कर्क - व्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहेगा। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग भी प्राप्त होगा। परिजनों के साथ आज आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थता का अनुभव होगा। विरोधियों पर विजय मिलेगी।

सिंह - आज रचनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। विद्यार्थी अभ्यास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

कन्या - आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं। शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है। अनबन हो सकती है।

तुला - आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी। मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी।

वृश्चिक - परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें। आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

धनु - आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूरे होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी। किसी यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। स्वजनों के मिलने से मन आनंदित रहेगा।

मकर - आज मन अस्वस्थ रहेगा। धार्मिक, सामाजिक कामों पर धन का खर्च होगा। स्वजन और मित्रों के साथ अनबन होगी। धनहानि और मानहानि का योग है। आज आध्यात्मिकता की ओर रुझान अधिक रहेगा।

कुंभ - आज हर काम में आपको लाभ मिलने के योग रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज ना करें। व्यवसाय में विशेष लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में भी आपको लाभ मिल सकता है। संतान के साथ मेल-जोल अच्छा रहेगा। आय बढ़ेगी।

मीन - आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। नौकरी और व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। इस बात से आपकी प्रसन्नता में भी वृद्धि होगी। ( 567-158 )

3,8,4,9-76,80,19,12,23,35,48,56,66,92